☎ 05680-223558, 09219404185 (Walky)
09457019568 (Principal)
Email-id : principal_jcb@rediffmail.com

जनता कालेज, बकेवर (इटावा) 206124
Janta College, Bakewar (Etawah)
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)
(Affiliated to C.S.J.M. University, Kanpur)

पत्रांक
Ref No ..../2024-25

दिनाँक
Date ....

This Document available on www.jcbakewar.org.in

Green Campus/ Plastic Free Campus- Policy Document

जनता कालेज, बकेवर, इटावा स्थानीय जनता के सहयोग से जनता को समर्पित उच्च शिक्षा का छत्रपति शाहू जी महाराज वि.वि, कानपुर से सम्बद्ध अग्रणी संस्थान है। इसकी ख्याति न अपने देश में बल्कि सुदूर विदेशों में भी है। हमारा महाविद्यालय सघन ग्रामीण परिवेश में सन् 1959 से फलफूल रहा है। हमारा उद्‌देश्य शिक्षार्थ आइये, सेवार्थ जाइये है। विद्यार्थियों के संर्वागीण विकास हेतु, सांस्कृतिक क्रियाकलापो, सामाजिक कार्यों में तथा अध्यापन हेतु कुशल शिक्षकों के निर्देशन में तैयार किया जाता है। उक्त कार्य सभी मिलकर अपने विद्या के मन्दिर को साफ-सुथरा व स्वच्छ रखने की योजना बनायी गयी है। जिसका पालन करना अति आवश्यक है।

1. विद्यार्थी, शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिक्षेत्र को स्वच्छ रखने में योगदान देंगें।
2. कूड़ा-करकट उचित स्थान पर डालेंगे।
3. जैव अपशिष्ट तथा अजैव अपशिष्ट को अलग-अलग निस्तारित करेंगें ।
4. पशुओं / पशुपालन से प्राप्त अपशिष्ट को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित करके खेती-बाड़ी अथवा अन्य में प्रयोग करेंगे ।
5. परिसर के अन्दर प्रदूषण फैलाने वाले वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे तथा अपने वाहन निश्चित पार्किंग स्थल पर खड़ा करेंगे।
6. इलेक्ट्रानिक वेस्ट (Electronic Waste) का निस्तारण पुनर्चक्रण (Recycling) हेतु दे दिया जायेगा।
7. कागज, कॉपी व अन्य व्यर्थ पदार्थों का निस्तारण जिनका पुनर्चक्रण (Recycling) सम्भव है, सम्बन्धित को दे दिया जायेगा।
8. प्लास्टिक एवं प्लास्टिक (Polythene) मुक्त पदार्थों का निस्तारण पुनर्चक्रण (Recycling) हेतु दे दिया जायेगा।
9. पौधों से प्राप्त अपशिष्ट पदार्थों को खाद बनाने में प्रयोग किया जायेगा।
10. परिसर में उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण किया जायेगा।
11. विभिन्न फूलों के पौधों को उपयुक्त स्थान पर लगाया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

12. परिसर में सभी वृक्षों को नामांकित किया जायेगा जिससे कि ग्रीन ऑडिट किया जा सके।
13. प्रतिवर्ष लगाये गये पौधों का ऑडिट किया जायेगा।
14. विद्यार्थियों तथा अन्य के आवागमन हेतु परिसर में रास्ता बनाया जायेगा जिससे पेड़, पौधे सुरक्षित रहे।
15. प्रत्येक शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मचारियों को गमले आवंटित किये जायेगें। जिनमें विद्यार्थियों के सहयोग से पौधरोपण किया जायेगा। तत्पश्चात गमलों को परिसर में सुंदर व हरा-भरा बनाने हेतु उपयुक्त स्थानों पर रखा जायेगा।
16. ग्रीन परिसर (Green Campus) बनाये रखने हेतु आवश्यक होगा कि क्यारियों तथा गमलों में मौसम के अनुसार पेड़ पौधों को उगाया/रोपित किया जाये।
17. परिसर को सौर ऊर्जा से युक्त किया जाये।
18. ऊंची-नीची जमीन को फूलदार पौधे लगाकर सुन्दर बनाया जाये।
19. शौचालयों के आस-पास सजावटी पौधे लगाकर सौन्दर्यीकरण कराया जाये।
20. बरसात के पानी को एकत्रित कर जल स्रोत को रिचार्ज किया जाये तथा ऐसी व्यवस्था की जाये कि छत का पानी जल स्रोत में एकत्र हो या पेड़-पौधों की सिचाई हेतु प्रयोग किया जाये।
21. परिसर में कूड़े-करकट आदि को जलाना प्रतिबधिंत है।
22. परिसर में वृक्षों को काटना प्रतिबधिंत है।
23. राष्ट्रीय सेवा योजना ,राष्ट्रीय कैडेट कोर व स्वैच्छिक वालिंटियर , परिसर को साफ सुथरा बनाये रखने हेतु प्रभारियों के निर्देशानुसार कार्य करेंगे।

Rajesh Tripathi

Dr. Rajesh Kishor Tripathi
PRINCIPAL
Janta College, Bakewar

Scanned with OKEN Scanner